## संक्षिप्त समाचार

### गरीब मजदूर माता पिता की जरा सी चूंक से मिला जिंदगी भर का दर्द, ट्राली के नीचे दबने से 8 माह की मासूम की मौत



**रतलाम, निप्र।** शहर में शुक्रवार दोपहर को एक गरीब मजदूर माता पिता की जरा सी चूंक ने उन्हें जीवन भर का दर्द दे दिया। माता-पिता ने 8 माह की मासूम को ट्राली के पीछे झूला बांधकर सुलाया था। तभी ड्राइवर ने ट्रैक्टर स्टार्ट किया तो हाइड्रोलिक ट्रॉली उठ गई। इससे बच्ची की ट्रॉली और जमीन के बीच में फंसने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्टेशन रोड थाने क्षेत्र के समता कॉलोनी की है।समता सिटी में अमृत योजना 2 के तहत गड्ढे भरने का कार्य चल रहा है। कार्य कर रहे एक मजदूर ने वहां खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे ढक्कन पर चुन्नी से झूला बांध अपनी 8 माह की बच्ची को सुला दिया। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर आगे बढ़ाया तो अचानक से ट्रॉली ऊंची होकर पीछे की तरफ सडक पर झुक गई और बच्ची उसमें दब गई। ट्रॉली में मुरम भरी थी वह भी पीछे खिसक कर आ गई। घटना के बाद वहां काम कर रहे लोगों ने देखा तो तुरंत दबी बच्ची को निकाला। मौके पर पुलिस भी पहुंची। बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसे पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। स्टेशन रोड पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया है। 8 माह की बच्ची का नाम सारा पिता करण सिंह है।

### एमआर एसोसिएशन ने मांगो के समर्थन में दिया ज्ञापन




**रतलाम, निप्र।** मेडीकल रिप्रेजेंटेटिव रतलाम संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों के समर्थन में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष अभिषेक जैन ने ज्ञापन का वाचन किया और ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय को सौंपा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने बताया कि मांगो के समर्थन में देश व्यापी विशाल रैली भी दिल्ली में जंतर मंतर पर आयोजित की गई हैं। साथ अपनी मांगो के समर्थन मे स्थानीय स्तर पर जिलाधीश को भी ज्ञापन सौंपा। इसमें मुख्य रूप से दवाओ को जी एस टी, मुक्त करने, दवाओ के दाम कम करने, सेल्स प्रमोशन एक्ट 1976को बचाने, 8 घंटे के संवैधानिक कार्य करने की अवधि, दवाओ के अनैतिक व्यापार जैसी मांगे सम्मिलित है।

### मुख्यमंत्री का अभिनंदन

**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 592 करोड़ 30 लाख की लागत से मेडिकल कॉलेज मेडिसिटी कॉलेज का भूमि पूजन व भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर नवीन प्रतिमा का अनावरण करने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का श्री रविदास सेवक संघ जिला उज्जैन की ओर से आपका हार्दिक आभार एवं स्वागत अभिनंदन करते हैं। श्री रविदास सेवक संघ जिला उज्जैन अध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी खलीफा, पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल सूर्यवंशी, राकेश सूर्यवंशी, शुभम सूर्यवंशी, मुकेश सुनहरे, संजू पिपरिया, विजय पिपरिया, राजेश सूर्यवंशी, जितेन्द्र सुनहरे, बाबूलाल सूर्यवंशी, फूल सिंह सूर्यवंशी, प्रकाश धमानी, दयाराम सूर्यवंशी, करण सूर्यवंशी और भी सभी समाज जन शामिल रहे।

### उन्नत प्रशिक्षण के प्रस्ताव आमंत्रित

**उज्जैन, निप्र।** हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजना अंतर्गत बटिक वस्त्र छपाई हेतु 10 प्रशिक्षणार्थियों को समिति/समूह/उद्यमी/अशासकीय संस्था एवं शासकीय संस्था द्वारा जिला स्तर पर 2 माह का उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र सह-प्रस्ताव 27 नवंबर को शाम 05ः30 बजे तक दमदमा स्थित हाथकरघा कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। आवेदक संस्था/समूह विगत 3 वर्षों से हाथकरघा/हस्तशिल्प के माध्यम से स्वयं के व्यापार/व्यवसाय में संलग्न आवश्यक होगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उज्जैन, निप्र।** नागदा तहसील के ग्राम परमारखेड़ी निवासी दशरथ उर्फ कमलेश की गत दिवस कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मृत्यु होने पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने नागदा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार नागदा के प्रतिवेदन के अनुसार मृतक के वैध वारीस माता श्रीमती गंगा बाई पति लालसिंह को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### खातेगांव के तमखान नर्मदा घाट से रेत के अवैध उत्खनन /परिवहन करने पर सात टैक्टर ट्रॉली जप्त



**खातेगांव, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अधिकारी श्रीमती रश्मि पांडे,के मार्गदर्शन में सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार वराठे, खनिज निरीक्षक श्री गणेश विश्वकर्मा और खनिज विभाग के दल द्वारा कार्यवाही कर खातेगांव तहसील में रेत के अवैध उत्खनन में तमखान घाट पर पांच टैक्टर की ट्रॉली और सतवास मार्ग से दो ट्रैक्टर को जप्त कर खातेगांव थाने में खड़े किए गए। कार्यवाही में खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

जिले की सोसायटीयों में गड़बड़ी न हो

# कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार 22 नवंबर अपरान्ह में भरतपुरी स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की सोसायटीयों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बैंक एवं प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था तथा कृषकों को खाद एवं ऋण वितरण प्रणाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंकिंग एवं कृषकों को वित्तीय समव्यवहार की पारदर्शिता के निर्देश दिए। बैंकों में क्या-क्या मापदण्ड होना चाहिए इसका पेरामीटर निकालकर दिया जाए और किसके कितने अकाउण्ट है और वर्ष में कितना ट्रांजेक्शन हुआ है इसका डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वास्तविक मापदण्डों पर पैनी नजर रखी जाए, ताकि सोसायटीयों, बैंकों में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बैंक शाखा स्तर के समस्त ट्रांजेक्शन जो कि संदेह की श्रेणी में प्रतीत हो उसकी सिस्टम जनरेटेड प्रतिदिन की रिपोर्ट पेरामीटर चेक करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इसी तरह कलेक्टर ने सीबीएस शाखा के अधिकारी, कर्मचारी को निर्देश दिए कि एक्सेप्शनल रिपोर्ट, कैश



ट्रांजेक्शन, जीएल रिपोर्ट्स, ट्रायल बैलेंस रिपोर्ट, व्हाउचर वेरिफिकेशन, इंटर ब्रांच ट्रांजेक्शन, ट्रांसफर सप्लीमेंटरी रिपोर्ट्स आदि अनिवार्यतः प्रतिदिन चेक की जाए। बैंक एवं शाखा के बीजीएल खातों के ट्रांजेक्शन की प्रतिदिन मोनिटरिंग की जाए। किसी भी स्थिति में बीजीएल खातों को डे एंड पर रिकन्साईल किया जावे एवं प्रतिदिन बीजीएल रिपोर्ट्स चेक की जावे। डोर मेट एवं ओपरेटीव खातों के ट्रांजेक्शन पर केवाईसी नियमों का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी संस्था द्वारा कृषकों के खातों में खाद बीज एवं नगद ऋण वितरण ट्रांजेक्शन के समय मैसेज, एसएमएस अलर्ट सुविधा ऑन मोड में हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कृषकों के ऋण डीएमआर खातों में क्रैडिट, डेबिट करते समय स्वीकृत साख सीमा एचसीएल लिमिट के पेरामीटर को फोलो किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि कृषकों के प्रत्येक वित्तीय ट्रांजेक्शन पर पारदर्शिता बरती जावे और उनको खाद, बीज एवं ऋण वितरण की प्रविष्टी पासबुक में इंद्राज की जाकर कृषकों को पासबुक अनिवार्यतः जारी की जावे। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने इसी तारतम्य में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के द्वारा किए जा रहे कार्यों का बारिकी से निरीक्षण कर संबंधितों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अकाउण्ट, सोसायटीयों में किसानों के खाते, फसल मापी योजना, खाद वितरण आदि की जानकारी प्राप्त कर निरीक्षण किया। रबी एवं खरीद फसलों के बीमा की प्रीमियम, कोर बैंकिंग सर्विस जो बैंक को ऑनलाईन प्लेटफार्म में लाती है आदि प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैंक के सीईओ विशेष श्रीवास्तव तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रतापगढ़ से आकर लूटी सोने की चेन, रोज आकर करते थे रैकी



विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। मोहन टाकीज के पास से एक महिला के गले से सोने की चेन लूटने के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। घटना 15 दिन पूर्व माणकचौक थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई जिसमें पुलिस ने राजस्थान के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे लूटी गई चेन बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है।**

शुक्रवार को एसपी अमित कुमार ने नए पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस सफलता की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 8 नवंबर को फरियादी अंगूरबाला पति विनोद कुमार गादिया 65 वर्ष निवासी घांस बाजार ने चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी अपनी छोटी बहू के साथ रिश्तेदार से मिलने बोहरा बावड़ी गई थी। दोपहर करीब 1ः30 बजे लौटते समय सामने की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आए। पीछे बैठे व्यक्ति ने महिला के गले से 20 ग्राम वजनी सोने की चेन झपटी और भाग गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने एएसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया था।

टीम ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे सहित करीब 200 कैमरे खंगाले, तब जाकर आरोपियों के बारे में सुराग हाथ लगा।

### 10 दिन पहले से कर रहे थे रैकी

पुलिस ने इस मामले में जितेश उर्फ जीतू पिता गोपाल 26 साल निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान और विजय सिंह पिता नाथू सिंह 21 साल निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन भी पुलिस ने बरामद की है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त की है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी प्रतापगढ़ थाने में लूट और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। पूछताछ और सीसीटीवी कैमरों की जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि इस वारदात के 10 दिन पहले से आरोपी शहर में आकर वारदात के लिए रैकी कर रहे थे। कई बार आरोपी सुबह 5ः30 बजे शहर में घूम रहे थे, लेकिन इन्हें सफलता नहीं मिल पाई। आरोपियों की गिरफ्तारी में माणकचौक थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गडरिया, आईए थाना प्रभारी उप निरीक्षक वी. डी.जोशी, एस आई प्रवीण वास्कले, राजा तिवारी सहित साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कालापीपल विधानसभा को...

## चौंकाने वाले नाम पर लग सकती है मुहर ... नया मंडल अध्यक्ष ...

लखन सिंह चन्देल

**कालापीपल।** कालापीपल भाजपा के सदस्यता अभियान की समाप्ति के बाद अब आने वाले समय में कालापीपल विधानसभा को नया मंडल अध्यक्ष मिल सकता है। हालांकि दावेदार बहुत हैं, लेकिन इन दावेदारों में से चौंकाने वाला नाम सामने आने की संभावना है।

मंडल अध्यक्ष बनने के लिए विधायक एवं संगठन का विश्वास जीतना जरूरी है क्योंकि विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का राजनीतिक दृष्टिकोण सबसे हटकर है। उनकी राजनीति का उदाहरण सोसायटी चुनाव में देखने को मिला,सोसाइटी चुनाव में महेश केवट को अध्यक्ष बनाकर सभी को चौंका दिया,लेकिन मंडल अध्यक्ष बनने के लिए विधायक का विश्वसनीय होना जरूरी है, अब देखना है कि संगठन किस पर अपना विश्वास जताता है। भाजपा सरकार होने के कारण किसी को भी मंडल अध्यक्ष बनाना एक बड़ी चुनौती का विषय है, अब देखना होगा कि सबकी सहमति से अध्यक्ष बनता है या फिर सीधा ऊपर से ही नाम तय किया जाएगा,यूं तो मंडल अध्यक्ष की दौड़ में कई नेता है, यदि जातिगत समीकरण पर गौर करें, तो वर्तमान कालापीपल विधानसभा में चार समाज के लोग मंडल अध्यक्ष है परमार,मेवाड़ा,खाती,ठाकुर अब इस बार कौनसी समाज के लोगों को साधने की कोशिश की जाएगी... !




लायंस क्लब नागदा ने आयोजित की लायंस पीस पोस्टर प्रतियोगिता

## विश्व शांति हेतु 223 बच्चों ने पीस विदाउट लिमिट्स विषय पर की चित्रकारी

विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** लायंस क्लब नागदा द्वारा 21 नवम्बर गुरुवार को आदित्य बिरला सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में अंतर विद्यालयीन लायंस पीस पोस्टर (चित्रकला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नागदा नगर के विभिन्न विद्यालयों के 223 बच्चों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब नागदा के अध्यक्ष लायन विरेन्द्र मालपानी ने की। अतिथि एवं निर्णायक के रूप में राजयोग केंद्र प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की केंद्र प्रभारी बी के पूनम दीदी एवं रूबी दीदी ने शिकरत करी।

श्री मालपानी ने संबोधित करते हुए कहा कि लायंस इंटरनेशनल द्वारा पूरे विश्व में बच्चों को रचनात्मक तरीके से विश्व शांति के बारे में उनकी भावनाएं प्रदर्शित करने है हेतु लायंस पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विगत 38 वर्षों से किया जा रहा है और आज उसके तहद हमने नगर में यह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका शीर्षक पीस विदाउट लिमिट रखा गया था।प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चों की चित्रकला हमारे द्वारा लायंस डिस्ट्रिक्ट कार्यालय भेजी जावेगी ,डिस्ट्रिक्ट में सभी क्लबों से आई प्रतियों में चयन करके चयनित प्रतियां लायन मल्टीपल के माध्यम से लायंस इंटरनेशनल कार्यालय तक भेजी जावेगी।

हमारे द्वारा तो नगर में प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कार दिए ही गए पर जिन बच्चे का चयन इंटरनेशनल के लिए होता है उन्हें लायंस क्लब के अंतराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मेलन में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जावेगा। निर्णायक बी के पूनम दीदी ने कहा कि बच्चों द्वारा विश्व शांति हेतु अपनी भावनाओं को बहुत ही सुंदर और रचनात्मक शैली से कागज पर अपनी चित्रकारी और रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया एवं सदेव शांति और अमन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## साईकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले, शाबाउमावि में साईकिल वितरित

### विधायक ने कहा प्रायवेट स्कूल केवल दिखावा, सरकारी स्कूल बेहतर

विनय उजाला



**नागदा जं, निप्र।** प्रायवेट स्कूल केवल दिखावा है, शासकीय स्कूलों में जितना अच्छा अध्ययन कराया जा रहा है, स्कूल के प्रत्येक व्यक्ति द्वारा जितना मेहतन की जा रही है उसकी तुलना प्रायवेट स्कूलों से की नहीं जा सकती है। यह बात विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने शासकी बालक उमावि में साईकिल वितरण समारोह के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि केवल बच्चों का भ्रम है कि मुझे फलाने स्कूल में पढना है जो उनके पालको भ्रम है कि मुझे फलाने अच्छे स्कूल में भेजना है।

सुबह बस से बच्चा स्कूल पहुंचता है डेढ़ दो घंटे नागदा या खाचरौद में घुमती है, उसका दो घंटा दो बस में ही खराब हो रहा है। ना पालक और बच्चे इस बात को समझ पाते है कि जीवन का महत्वपूर्ण समय आने जाने और इधर उधर की बातों में खराब करते है। शासकीय स्कूल में पढक़र निकलने वाले वर्तमान समय में उच्च पदों पर आसीन है। केवल मन को स्थित करो, मन को केंद्रीय करो, लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करो। विधायक ने कहा कि शासकीय बालक उमावि आने वाले समय में सीएम राईज स्कूल होगा, जो मैंने प्रायवेट और सरकारी स्कूल की तुलना की है 20 किमी के दायरे में बसें चलेंगी। विद्यालय में हर फैकल्टी होगी, खेल के अच्छे संसाधन होंगे, अच्छे स्मार्ट क्लाम रुम होंगे। आने वाले समय में सीएम राईज स्कूल की बराबरी अन्य कोई प्रायवेट स्कूल नहीं कर पाएगा। मैंने नागदा खाचरौद के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में चार स्थानों पर अलग अलग गांव में सीएम राईज स्कूल की मांग सरकार सामने रखी है।

खाचरौद में भवन निर्माणाधीन है, नागदा में उन्नयन होना बाकी है यदि चारों गांव में सीएम राईज स्कूल स्वीकृत हो गया तो क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। इस अवसर पर अतिथि के रुप में पूर्व विधायक लालसिंह राणावत, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेहलोत, नपा उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, पालक संघ के अध्यक्ष राजु खान, सीएम अतुल, सुभाष रावल आदि मंचासीन रहे। स्वागत भाषण प्राचार्य प्रतिभा बोराल ने दिया।

अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। इस मौके पर स्कूल के 100 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की गई। संचालन केसी पुरोहित ने किया।

एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले

# नेमावर खाईपार ब्रिज का भूमिपूजन विधायक आशीष शर्मा ने किया

अनिल उपाध्याय

**खातेगांव। मॉ नर्मदा के पावन तट पर स्थित नगर परिषद नेमावर में वार्ड क्र. 06 एवं वार्ड क्र. 14 के मध्य स्थित खाई पार क्षेत्र में लंबे समय से ब्रिज निर्माण की मांग की जा रही थी।**

विधायक श्री आशीष शर्मा के अथक प्रयासों से अमृत 2.0 अतिरिक्त योजना के अन्तर्गत लागत राषि रूपये-01 करोड 20 लाख से निर्मित होने वाले पुल का भूमिपूजन कार्यक्रम क्षैत्रीय विधायक श्री आशीष शर्मा के मुख्यआतिथ्य एवं श्री ईश्वरसिंह तोमर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, श्रीमति मनोरता रेवाषंकर यादव पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद नेमावर, श्रीमति पुष्पा पांचाल पूर्व भाजपा महिला जिला अध्यक्ष, श्री जगदीष पटेल पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, श्री जगदीष सोनी भाजपा नगर अध्यक्ष, श्री कौशल महेश व्यास पार्षद वार्ड क्र. 06, श्रीमति सुनिता दिनेष केवट पार्षद वार्ड क्र.14 के विषेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मॉ नर्मदा एवं बाबा सिद्धनाथ की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत साफा बांधकर, पुष्पामाला पहनाकर किया गया।

उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नगर परिषद नेमावर के अध्यक्ष श्री कृष्णगोपाल अग्रवाल ने बताया कि उक्त खाईपार में क्षैत्र में स्थित वार्ड क्र. 14 एवं 15 के वार्डवासियों की अति पुरानी मांग रही है कि वार्ड क्र. 06 एवं वार्ड क्र. 14 के मध्य स्थित गहरी खाई



के ऊपर सुव्यवस्थित पुल का निर्माण हो, क्योकि प्रतिवर्ष वर्षाकाल में मॉ नर्मदा का जलस्तर बढने पर वार्ड क्र. 14 एवं 15 के निवासियों का संपर्क नगर नेमावर से टूट जाता है जिससे उक्तवासियों को अत्यन्त विकट समस्याओं एवं परेषानियों का सामना करना पड़ता है। क्षैत्र के लोकप्रिय विधायक श्री आशीष जी शर्मा के निरंतर एवं अथक प्रयासों से अमृत 2.0 अतिरिक्त योजना के अन्तर्गत लागत राषि रूपये-01 करोड 20 लाख से उक्त ब्रिज का निर्माण मैसर्स मूलचंद पांचाल हाटपीपल्या द्वारा किया जावेगा। जिससे वार्ड क्र. 14 एवं 15 के वार्डवासियों की लंबित एवं महती समस्या का निराकरण होगा। जिससे उक्त दोनो वार्ड के सैकडों वार्डवासियों की नवीन पुल की सौगात प्राप्त होगी एवं आवागमन सुलभ एवं आसान होगा। आगामी समय में भी नगर परिषद नेमावर इसी प्रकार नगर विकास, कार्य एवं नगरवासियों की सुविधा के लिए कटिबद्ध एवं प्रयासरत रहेगी।

उक्त भूमिपूजन के अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष ठा. राजपालसिंह तोमर, पार्षद संतोष सोनिया, श्रीमति शषि सचिन पांचाल, श्रीमति रतना मनोहरपुरी, श्रीमति संगीता डॉ.मुकेष जी यादव, श्रीमति धापूबाई कर्मा, श्री शंकरलाल बाघेला, श्रीमति सुनिता विजय चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि सचिन पांचाल, दिग्पालसिंह तोमर, दिनेष केवट पूर्व न.प. उपाध्यक्ष, विजय चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा, सुनील जैन, दीपक तिवारी, अनिल उपाध्याय पत्रकार खातेगांव रंगलाल केवट, श्री बबलू व्यास, रधुवीर तोमर, अषोक व्यास, परमानंद गुर्जर, गोपाल ताम्रकार, अनिल भदौरिया, सुरपालसिंह भाटिया, सुषील राठौर बंटी पेंटर, भगवान प्रजापत, सहित नगर परिषद सीएमओ आनंदलाल वर्मा, उपयंत्री संतोष बाघमोर, भूपेन्द्र पटेल, नारायण व्यास, प्रमोद उपाध्याय, प्रकाश व्यास, सौरभ पंचोली, अजय बागौर, सैलू यादव नगर के समस्त गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद कर्मचारी इस गरिमामयी भूमिपूजन अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्थापना शाखा प्रभारी श्री गंभीर यादव ने किया अंत में आभार लेखापाल ओमप्रकाष यादव द्वारा व्यक्त किया गया।

